<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–05.01.2025 (संध्या 1900 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- गणतंत्र दिवस के अवसर पर दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में शामिल होगी झारखंड की झांकी, दिखेगी राज्य की संस्कृति और विकास की झलक, लगातार तीसरी बार शामिल होगी राज्य की झांकी।
- मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अबुआ बजट पोर्टल और मोबाइल एप्प का किया लोकार्पण, बजट निर्माण को लेकर विशेषज्ञ और आम जनता दे सकेंगे सुझाव, सर्वश्रेष्ठ तीन सुझाव देने वालों को किया जाएगा सम्मानित।
- झारखंड सशस्त्र पुलिस ने मनाया 145वां स्थापना दिवस, शहीद बेदी पर श्रद्धांजलि से हुई कार्यक्रम की शुरुआत।
- रांची पुलिस ने 13 लाख रुपए लूट और गोली कांड का किया खुलासा, आठ लोग हुए गिरफ्तार।
- 68वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता का आज रांची में हुआ आगाज, देशभर के खिलाड़ी ले रहे हिस्सा।

******************

गणतंत्र दिवस 2025 के अवसर पर दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कार्यक्रम में झारखंड समेत 15 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की झांकियों का चयन हुआ है। इस वर्ष झारखंड की झांकी में स्वर्गीय रतन टाटा को श्रद्धांजलि के साथ राज्य की संस्कृति, पारंपरिक नृत्य, शिक्षा में नारीशक्ति के बढ़ते कदम को प्रदर्शित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से झांकियों का प्रारूप मांगा था। विभिन्न चरणों की चयन प्रक्रिया के उपरांत केवल 15 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों का चयन हुआ है, जिसमें से झारखंड एक है।

******************

राज्य में आगामी वर्ष 2025–26 के बजट निर्माण को लेकर विशेषज्ञों और आम जनता के सुझाव आमंत्रित करने के लिए अबुआ बजट पोर्टल और मोबाइल एप्प का लोकार्पण किया गया। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि आगामी बजट में ग्रामीण पृष्ठभूमि वाली अर्थव्यवस्था का विशेष ख्याल रखा जायेगा। साथ ही राजस्व संग्रहण से संबंधित प्रावधानों को भी बजट में जगह दी जाएगी। इस कड़ी में तीन सर्वश्रेष्ठ सुझाव देने वाले को राज्य सरकार द्वारा सम्मानित किया जाएगा। सुझाव देने की अंतिम तिथि 17 जनवरी 2025 है।

इधर वित्त मंत्री राधा कृष्णा किशोर ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बजट में अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाते हुए राज्य के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को सशक्त बनाने का प्रयास किया जायेगा।

******************

धनबाद में राष्ट्रीय जनजातीय आयोग, भारत सरकार, की सदस्य डॉक्टर आशा लकड़ा ने विभिन्न आदिवासी सामाजिक संगठनों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को सुना और समाधान करने का निर्देश दिया। बैठक के बाद डॉ लकड़ा ने कहा कि आदिवासी समाज को आर्थिक विकास से जोड़ना है और समाज की सांस्कृतिक धरोहर को बचाना है।

******************

राजधानी रांची के जैप वन ग्राउंड में झारखंड सशस्त्र पुलिस का 145वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक, पुलिस महानिरीक्षक, प्रशासनिक पदाधिकारी समेत वाहिनी के सभी कर्मी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत शहीद बेदी पर श्रद्धांजलि देकर की गई, जिसके बाद झारखंड सशस्त्र पुलिस कर्मियों ने परेड का प्रदर्शन किया गया।

******************

पाकुड़ जिले के पुलिस केंद्र में प्रकृति महापर्व सोहराय धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर थाना परिसर में आदिवासी परंपरा के अनुसार पूजा–अर्चना के बाद प्रसाद का वितरण किया गया और थाना परिसर में पौधारोपण भी किया गया। मौके पर एसपी प्रभात कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दयानंद आजाद सहित पुलिस पदाधिकारी और जवान मांदर की थाप पर थिरके। एसपी प्रभात कुमार ने जिले के लोगों से प्रकृति को बचाने और भाई–बहन के बीच प्रेम को समझने की अपील की।

******************

रांची पुलिस ने आटा कंपनी के मैनेजर से 13 लाख रुपए लूट और गोली कांड का खुलासा करते हुए आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि अपराध

की योजना ओरमांझी स्थित वृंदावन होटल में बनाई गई थी और मामले की जांच के लिए एक विशेष टीम गठित की गई थी। लूट के 2 लाख 63 हजार रूपए बरामद कर लिए गए हैं।

******************

सिमडेगा के उपायुक्त ने कोलेबिरा प्रखंड में विकास योजनाओं की समीक्षा की। और अधिक जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

******************

भारतीय हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे को अर्जुन पुरस्कार दिए जाने की घोषणा से उनके परिवार और गांव के लोगों ने खुशी व्यक्त की है। सलीमा टेटे के पिता सुलक्सन टेटे ने कहा कि आर्थिक परेशानियों की वजह से अपनी बेटी को हॉकी के शुरुआती प्रशिक्षण देने में उन्हें काफी परेशानी हुई। सलीमा की इस उपलब्धि पर वे काफी खुश हैं।

******************

68वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता का आज रांची के बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में शुभारंभ हुआ। मंत्री रामदास सोरेन ने इस प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। मौके पर रांची विधायक सीपी सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता में देशभर के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

*******समाप्त*******